शिक्षकीय कार्यशाला

सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में दिनांक 12.06.2018 से 13.06.2018 तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला एस. चान्द ग्रुप के द्वारा आयोजित की गई । रिसोर्स पर्सन संसाधन व्यक्ति के रूप में जयपुर से आई को–फाउंडर एवं डॉयरेक्टर 3टी , उत्तम लेखिका , आध्यात्मिक चिंतक, कुशल व्याख्याता डॉ. बीना के. अरोरा द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स के निर्देशन में किया गया। उनका उददेश्य शिक्षकों को नवीन तकनीको एवं पद्धतियों को शिक्षण में सम्मिलित करना रहा । विद्यालय के समस्त शिक्षक –शिक्षिकाओं ने पूर्ण रूचि एवं उत्साह के साथ भाग लिया । इस अवसर पर एस चान्द ग्रुप के वाईस प्रेसीडेन्ट विवेक जायसवाल जी के द्वारा शिक्षण के अंतर्गत बीना जी को पूर्ण सहयोग प्रदान किया । डॉ. बीना के. अरोरा जी ने कक्षा संचालन की विभिन्न विधियों के साथ –साथ कक्षा को रूचिकर बनाना , अनुशासन ,समय की पाबंदी भाषायी दक्षता , आध्यात्मिक ज्ञान सभी को प्रभावपूर्ण शिक्षण के लिए आवश्यक बताया। उन्होने कहा कि इन सभी का समायोजन शिक्षण में अनिवार्य है। अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा कार्यशाला के सफल होने पर डॉ. बीना जी एवं एस चान्द के मध्यप्रदेश के डी जी एम को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं को प्रेरित किया कि वे सीखी गई समस्त पद्धतियों को अपने शिक्षण के अंर्तगत अपनाए एवं अपने ज्ञान से विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करें।

अंत में एस चान्द के सैयद तनवीर रिजवी भोपाल के प्रबंधक एवं महेश जी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।